Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation

अप्रैल 2022

एसडीएमसी प्राथमिक विद्यालय नूर नगर (बालक) और एसडीएमसी प्राथमिक विद्यालय नूर नगर (बालिका) में मोदीकेयर फ़ॉउंडेशन के हस्तक्षेप से पहले और बाद की तस्वीरें

सरकारी विद्यालयों का रूपांतरण

जसोला में एसडीएमसी प्रतिभा विद्यालय (बालिका) और एसडीएमसी प्रतिभा विद्यालय (बालक) में मोदीकेयर फ़ॉउंडेशन द्वारा किए गए परिवर्तनकारी कार्यों के बाद, दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) चाहता था कि फ़ॉउंडेशन, जसोला में विद्यालयों की सफलता को दोहराने के लिए, और अधिक स्कूलों को अपनाए। एसडीएमसी के अनुरोध पर, फ़ॉउंडेशन ने छात्रों के समग्र विकास में सुधार लाने के लिए नूर नगर में दो और विद्यालयों को गोद लिया है।

फ़ॉउंडेशन दो स्कूलों के बुनियादी ढाँचे में बदलाव कर रहा है ताकि इसे सीखने के अनुकूल बनाया जा सके और छात्रों को विद्यालय में आने के लिए आकर्षित किया जा सके। बुनियादी ढाँचे के उन्नयन के अलावा, फ़ॉउंडेशन दोनों स्कूलों के छात्रों को अत्याधुनिक फर्नीचर, कुशल शिक्षक, सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ, जीवन कौशल प्रशिक्षण आदि प्रदान करेगा।

नूर नगर विद्यालय की तस्वीरें

पहले की तस्वीरें

अब की तस्वीरें

Modicare FOUNDATION

KHWABON KA KARWAAN

A MONTHLY NEWSLETTER

/modicarefoundation.org /officialmodicarefoundation
modicarefoundation

प्रोजेक्ट वाय, एनजीओ में फिजिकल प्रशिक्षण

फिजिकल प्रशिक्षण फिर से शुरू हो गया है और एओसी प्रशिक्षकों ने हाल ही में प्रोजेक्ट वाय के प्राथमिक स्कूल जाने वाले बच्चों और किशोरों के साथ 4 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया। इस प्रशिक्षण ने हमारे नवनियुक्त प्रशिक्षकों को "किशोरों और प्राथमिक स्कूल जाने वाले बच्चों" दोनों के साथ सत्रों का निरीक्षण करने के साथ-साथ सत्रों में को-फैसिलिटेट करने का अवसर प्रदान किया।

इन प्रशिक्षणों में जीवन कुशलताएँ, बड़े होना, मादक द्रव्यों के सेवन से बचाव, हमजोली दबाव और बुलिंग आदि विषय शामिल थे । प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों के साथ, सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत स्वच्छता और बुलिंग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल थे। इन सत्रों में 126 किशोरों और 60 प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चों को प्रशिक्षित किया गया।

प्रतिभागियों में मुख्य रूप से दिहाड़ी मजदूरों के बच्चे थे।

मोदीकेयर फ़ॉउंडेशन में पहले महीने का अनुभव – प्राची

भारतीय शिक्षा प्रणाली का एक लाभार्थी होने के साथ-साथ उसक शिकार भी होने के कारण, मेरे कॉलेज के दौरान शिक्षा प्रणाली में बदलाव लाने के विचार ने एक प्रारंभिक रूप लिया। और इस प्रकार, शिक्षा के क्षेत्र में काम के अवसरों की तलाश करते हुए, मुझे फ़ॉउंडेशन के कार्यों में शिक्षा के प्रारंभिक वर्षों में महत्वपूर्ण हस्तक्षेप और सीखने के उपेक्षित पहलुओं जैसे कि जीवन कुशलताएँ विकसित करने पर ज़ोर देना, सबसे ज्यादा आकर्षित किया।

विभिन्न कार्यक्रमों की उत्पत्ति को जानने से लेकर, स्कूलों का दौरा करने और उसका प्रभाव देखने, प्रतिभागियों के विभिन्न समूहों के साथ सत्रों का अवलोकन करने तक, संस्था में पिछला एक महीना मेरे लिए सीख और विभिन्न नज़रियों को जानने से भरा हुआ था।